डेयरी पशुओं के लिए ई-गोपाला ऐप

भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने सितम्बर 2020 को ई-गोपाला एंड्रायड ऐप का प्रमोचन किया जो कि डेयरी पशुओं की बेहतर उत्पादकता की वास्तविक समय पर सूचना उपलब्ध कराती है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

ई-गोपाला ऐप की विशेषताएं हैंः

पशु पोषण

- उपलब्ध आहार सामग्रियों का उपयोग करके डेयरी पशुओं के आहार को संतुलित बनाने, आहार की लागत को अनुकूलित करने, पशुओं की उत्पादकता व प्रजनन दक्षता में वृद्धि करने में किसानों को सहयोग देता है।
- पहले तैयार किए गए राशन को देखा जा सकता है और इसकी तुलना सर्वोत्तम समाधान से की जा सकती है।
- डेमो वीडियो सुलभ संदर्भ के लिए उपलब्ध है।

आयुर्वेदिक (परंपरागत) पशु चिकित्सा औषधि

- किसानों को पशुओं में होने वाली 29 सामान्य बीमारीयाँ जैसे थनैला, अपच, दस्त आदि के रोकथाम हेतु मार्गदर्शन।
- ईवीएम यां आयुर्वेदिक पशु चिकित्सा औषधि की सामग्रियां किसानों के घर पर आसानी से उपलब्ध होती हैं और यह सस्ती होती हैं।
- इस प्रभाग में भी ईवीएम के माध्यम से रोगों के रोकथाम की प्रक्रियाओं पर विभिन्न भाषाओं में निर्मित वीडियो उपलब्ध हैं।

पशु बाज़ार

- डेयरी पशुओं को खरीदने/बेचने के लिए एक डिजिटल मंच उपलब्ध कराता है।
- विभिन्न नस्लों के गायों व भैंसों के गुणवत्ता युक्त वीर्य डोज़ों की उपलब्धता से संबंधित स्रोत की जानकारी।
- आईवीएफ भ्रूणों और सेक्स सॉर्टेड वीर्य की उपलब्धता हेतु संपर्क विवरण।

मेरा पशु आधार

- पशु उत्पादकता एवं स्वास्थ्या के लिए सूचना नेटवर्क (INAPH) प्रणाली पर रजिस्टर्ड प्रत्येक किसान के पशुओं का विवरण उपलब्ध कराता है।

- पशुओं की प्रजनन, पोषण और स्वास्थ्य पर जानकारी वास्तविक समय पर उपलब्ध कराता है।

मेरा अलर्ट

- टीकाकरण, गर्भावस्था निदान, ब्यांत इत्यादि के लिए नियत तारीख एवं समय पर सतर्क करता है।

- डेयरी व पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी।

पशु मित्र

- किसान पशु स्वास्थ्य, पोषण एवं प्रजनन से संबंधित अपने सवालों के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के कॉल सेंटर (पशु मित्र 7574835051) से सीधे संपर्क कर सकते हैं।